शिक्षा विद्यापीठ में विशेष व्याख्यान का आयोजन

दिनांक: 14 मार्च, 2015 को **शिक्षा विभाग व मनोविज्ञान विभाग** के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके **मुख्य वक्ता प्रो. ए.के.श्रीवास्तव (एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली)** थे। प्रो. श्रीवास्तव ने व्याख्यान का प्रारम्भ **शिक्षा और मनोविज्ञान की शोध की समकालीन प्रवृत्तियों पर चर्चा** से किया।

तदोपरान्त विद्यार्थियों से उनके शोध विषयों पर चर्चा की। इस चर्चा को उन्होंने अंत:क्रियात्मक बनाते हुए किस प्रकार से शोध समस्या और शोध उपकरण में सामंजस्य स्थापित किया जाए इस पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के प्रश्नों और

जिज्ञासाओं को ध्यान में रखते हुए आपने 'प्रश्नावली' उपकरण के निर्माण, क्रियान्वयन और विश्लेषण के तरीकों पर चर्चा की। इस **कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रति कुलपति चितरंजन मिश्र** ने की। अधिष्ठाता शिक्षा विद्यापीठ के निर्देशानुसार इस व्याख्यान का समन्वयन डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी (सहायक प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग ने किया)। समन्वयन सहयोग डॉ. अरूण प्रताव सिंह, श्री ऋषभ कुमार मिश्र और श्री धर्मेन्द्र शंभरकर ने किया। इस व्याख्यान में डॉ. श्री नारायण सिंह (सहायक प्रोफेसर, भाषा विद्यापीठ), श्री सिराज अहमद (सहायक प्रोफेसर, भाषा विद्यापीठ) उपस्थिति थे। शिक्षा विभाग, मनोविज्ञान विभाग और मीडिया सहित अन्य विभागों के शोधार्थी/विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।